<u>कार्यवृत</u>

<u>बैठक दिनांक : 18/01/2018</u>

आज दिनांक **<u>18/01/2018</u>** को माननीय प्राचार्य महोदय क अध्यक्षता में आई क्यू ए सी की बैठक कक्ष:- आई क्यू ए सी कक्ष में आयोजित की गयी । इस बैठक में सभी विभागाध्यक्षों सहित प्राचार्य द्वारा नामित सदस्यों एवं बाह्य विशेषज्ञों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की । बैठक में सर्व सम्मति से निम्न लिखित बिन्दुओं पर विचार कर प्रस्ताव पारित किए गए।

1. समस्त सदस्यों को रूसा परियोजना अंतर्गत महाविद्यालय को मिली ग्रांट की सूचना प्रभारी डॉ किशोर अरोरा के द्वारा प्रदान की गयी।

2. डॉ किशोर अरोरा द्वारा ही रूसा परियोजना अंतर्गत निर्माण कार्य के बारे में भी समस्त सदस्यों को सूचित किया गया ।

3. छात्रों से लिए गए फीडबेक के विश्लेषण का प्रस्तुतीकरण डॉ सुभाष कौशिक आई क्यू ए सी प्रभारी द्वारा समस्त सदस्यों के साथ साझा किया गया । साथ ही साथ डॉ सुभाष कौशिक द्वारा टीचर फीड बॅक कए विश्लेषण को भी प्रस्तुत किया गया ।

4. फीड बॅक में सामने आए कुछ महत्वपूर्ण तथ्य इस प्रकार हें :-

5. पुस्तकालय अध्यक्ष को सूची किया गया की हिन्दी माध्यम में स्नातक रसायन शास्त्र विषय की पुस्तकें छत्रों को कम उपलब्ध हो पा रही हें। यदि संभव हो तो इनकी उपलब्धता बढ़ाएँ ।

6. इस क्रम में गणित विषय की स्नातकोतर स्तर पर पुस्तकों की कमी को भी पूर्ण करने का निर्णय लिया गया ।

7. क्रीडा अधिकारी महोदय को यह बताया गया कि छात्रों को क्रीडा परिसर एक निश्चित समय पर खुला मिले ऐसा फीड बॅक में सामने आया है । इस और उनका ध्यान आकर्षित किया गया ।

8. समस्त विभागों में समय से सबकी उपलब्धता रहे ऐसा भी विभाध्यक्षों को निर्देशित किया गया जिस से छात्रों को किसी कठिनाई का सामना न करना पड़े ।

9. शोध को बढ़ावा देने हेतु सभी सम्मानननीय सदस्यों को फ़ैकल्टिवार सूक्ष्म शोध परियोजना हेतु प्रस्ताव शोध समन्वय एवं विकास प्रकोष्ठ के माध्यम से प्रस्तुत करने को कहा गया ।

10. बाह्य विशेषज्ञ डॉ रमन श्रीवास्तव द्वारा यह सुझाव दिया गया कि छात्रों कि सुविधा के लिए एक छात्र सहायता केंद्र भी बनाया जा सकता है जहां समस्त छात्रवृतियों एवं योजनाओं कि जानकारी छात्रों को प्राप्त हो सके ।

11. बैठक का समापन आई क्यू ए सी प्रभारी द्वारा सदस्यों का आभार व्यक्त कर किया गया ।

-sd-	**-sd-**
आई क्यू ए सी प्रभारी	**प्राचार्य**

बैठक दिनांक : 18/01/2018

ACTION TAKEN REPORT

1. रूसा प्रभारी डॉ किशोर अरोरा को निर्देशित किया गया कि कार्य की प्रगति को शासन के निर्देश अनुसार आँका जाए एवं प्रगति से शासन को समय समय पर अवगत करवाया जाए ।

2. पुस्तकालय अध्यक्ष को निर्देशित किया गया की जिन विषयों की पुस्तकें कम हें जैसे हिन्दी माध्यम में स्नातक रसायन शास्त्र एवं गणित विषय की स्नातकोतर स्तर की पुस्तकें, इन पुस्तकों की उपलब्धता पूरी की जाए । इस हेतु स्वशासी मद से कार्य किया जा सकता है ।

3. क्रीडाधिकारी महोदय को समय से क्रीडा परिसर छात्रों हेतु खोल कर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये गए ।

4. शोध समन्वय एवं विकास प्रकोष्ठ के प्रभारी महोदय को यह निर्देश दिये गए की सूक्ष्म शोध परियोजना के प्रस्ताव आमंत्रण करने हेतु सूचना प्रसारित की जाए ।

5. प्राचार्य महोदय को यह सुझाव दिया गया कि एक स्टूडेंट फेसिलिटेशन सेंटर महाविद्यालय में स्थापित करवाने का कार्य किया जा सकता है ।

-sd-
आई क्यू ए सी प्रभारी

-sd-
प्राचार्य